राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़

तृतीय तल,छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल व्यावसायिक परिसर, (दक्षिण पूर्व कॉर्नर)
सेक्टर–27, अटल नगर, पिन–492015 (छत्तीसगढ)
दूरभाष–0771–2511287, 2511288, ई–मेलः office.mdnrhm@gmail.com

पत्र.क्र. / NHM / HR / 2021 / 864 /2122 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 02/11/2021

/ / दावा आपत्ति सूचना / /

कार्यालयीन विज्ञापन क्रमांक / एन.एस.–864 / 1829 दिनांक 05.10.2021 के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ अंतर्गत संचालित विभिन्न प्रोग्रामों हेतु वित्तीय वर्ष 2021–22 में राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय रिक्त विभिन्न पदों (बैकलाग एवं नवीन पद) की भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 06.10.2021 से 26.10.2021 समय–सायं 05:00 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था।

01 / वर्तमान में राज्य स्तर के 01-State Epidemiologist-IDSP, 02-Epidemiologist-NTEP, 03-State Consultant-Maternal Health, 04-State Consultant-SM/NGO/PPP/IEC, 05-Programme Associate-Plannig, 06-Programme Associate-Biomedical Engineer, 07-Programme Assistant-QA, 08-Accountant (SIHFW), 09-Technical Assistant (SIHFW) एवं 10-Lab Supervisor-NTEP के पद पर भर्ती हेतु प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों की स्क्रुटनी उपरांत पात्र–अपात्र अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in में अपलोड की जा रही है, जिस हेतु **दिनांक 03 / 11 / 2021 से 08 / 11 / 2021 सायं–05:00 बजे तक ई–मेल आई.डी. nhmcgdavaappati@gmail.com** में अभ्यर्थी अपना दावा–आपत्ति ***संलग्न निर्धारित प्रारूप*** में प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा–आपत्ति हेतु ई–मेल प्रेषित करते समय विषय में अभ्यर्थी का नाम, पंजीयन क्रमांक एवं पदनाम उल्लेखित करना तथा दावा–आपत्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना अनिवार्य होगा।

02 / दावा–आपत्ति हेतु प्रस्तुत आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप में नहीं होने, ई–मेल में अभ्यर्थी का नाम नहीं होने, पंजीयन क्रमांक एवं पदनाम उल्लेखित नहीं होने या निर्धारित समय के पश्चात् दावा–आपत्ति प्राप्त होने तथा अन्य किसी भी माध्यम से प्रेषित करने पर दावा–आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा। दावा–आपत्ति हेतु अभ्यर्थी समस्त दस्तावेजों का केवल **01 PDF File** बना कर प्रेषित करेंगे।

03 / ऐसे अभ्यर्थी जो ऑनलाईन आवेदन भरें हैं तथा निर्धारित शुल्क कार्यालय के बैंक खाते में प्राप्त नहीं हुये हैं, उनको आवेदन शुल्क अप्राप्त होने के कारण अपात्र किया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थी कृपया ऑनलाईन शुल्क भुगतान की रसीद (SBI Collect Receipt) अथवा मोबाईल में भुगतान संबंधी मैसेज की स्क्रीन शॉट ई–मेल आई.डी. **nhmcgdavaappati@gmail.com** में निर्धारित प्रारूप के साथ प्रेषित कर सकते हैं, नियमानुसार सही पाये जाने की दशा में उन्हें पात्र किया जायेगा।

04 / ऐसे अभ्यर्थी जो ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के पूर्णांक / प्राप्तांक नहीं भरे हैं अथवा ग्रेड भरे हैं, उन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना पूर्णांक / प्राप्तांक / प्रतिशत को अनिवार्यतः स्पष्ट करें अन्यथा अपात्र होने की स्थिति में अभ्यर्थी के स्वयं की जवाबदारी होगी।

अद्यतन जानकारी हेतु अभ्यर्थी निरंतर विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in का अवलोकन करें।

02/11/2021

संयुक्त संचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
छत्तीसगढ़

प्रति,

मिशन संचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

विषय – दावा–आपत्ति प्रस्तुत करने विषयक।

—00—

1.	पदनाम	
2.	आवेदन पंजीयन क्रमांक (ऑनलाईन आवेदन में अंकित Registration ID)	
3.	अभ्यर्थी का नाम	
4.	पिता/पति का नाम	
5.	पात्र–अपात्र सूची में अंकित रिमार्क	
6.	आपत्ति का विवरण	
7.	संलग्न दस्तावेज	

टीप – उक्त जानकारी पूर्ण करते हुए दावा–आपत्ति प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

4/2